मैया जी घर आए माता भजन लिरिक्स

मैया जी घर आए,

गौरी माँ, माँ शारदा,
गौरी माँ, माँ शारदा,
धन्य हुई धरती सारी झूमा आसमा,
सोलह श्रृंगार कर आई देखो माँ,
गौरी माँ, माँ शारदा,
गौरी माँ, माँ शारदा।bd।

तर्ज – पंखिड़ा ओ पंखिड़ा।

ब्रम्हा करे सत्कार देखो मैया आई है,
विष्णु करे जयकार देखो मैया आई है,
भोले बाबा डम डम डम डम डमरू बजाए रे,
तीनो देव झूमे आज महिमा गाए रे,
गौरी माँ, माँ शारदा,
गौरी माँ, माँ शारदा।bd।

राम जी के मन के तार जपे मैया आई रे,
लक्ष्मण सजाये द्वार देखो मैया आई रे,
सीता जी ने मा अम्बा की चोकी सजाई रे,
अवध पुरी में आज खुशिया छाई रे,
गौरी माँ, माँ शारदा,
गौरी माँ, माँ शारदा।bd।

ओ करे दाऊ भी पुकार देखो मैया आई रे,
राधा करे सिंगार देखो मैया आई रे,
कान्हा जी ने मीठी मीठी बंसी बजाई रे,
ब्रज मंडल में मां की ममता छाई रे,
गौरी माँ, माँ शारदा,
गौरी माँ, माँ शारदा।bd।

खिले सूर्य की चमकार देखो मैया आई रे,
तारों का चमकता प्यार कहे मैया आई रे,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

चंदा ने भी चांदनी को दी बधाई रे,
बादलों ने मल्हारी जमके गायी रे,
गौरी माँ, माँ शारदा,
गौरी माँ, माँ शारदा।bd।

कहे गंगा की जलधार देखो मैया आई रे,
यमुना कहे हर बार देखो मैया आई रे,
सारी नदियों में खुशी की लहर छाई रे,
झूम झूम आज सब ने दी बधाई रे,
गौरी माँ, माँ शारदा,
गौरी माँ, माँ शारदा।bd।

बहे खुशबू की बहार देखो मैया आई रे,
ओ झूमे में आज नर नार देखो मैया आई रे,
सिंह चढ़े आई मैया दो बधाई रे,
भेंट मैया की आज हमने गाई रे,
गौरी माँ, माँ शारदा,
गौरी माँ, माँ शारदा।bd।

मैया जी घर आए,

Singer – Anil Sharma

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com